# बदहाल सड़कें बनी जी का जंजाल

**खास बातें**
- खस्ताहाल सड़कें बनी लोगों की मुसीबत
- मार्ग के गड्ढे बने परेशानी का सबब





नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज की बासौदा नाका पेट्रोल पंप से नहर की पुलिया के बीच की बदहाल सड़क लोगों के लिये जी का जंजाल साबित हो रही है. यह खस्ताहाल सड़क क्षेत्र में विकास के दावों की पोल खोलती दिखाई दे रही है. प्रतिदिन इस सड़क पर बड़ी तादाद में लोगों का विदिशा, बासौदा सहित कई ग्रामों की ओर आना जाना लगा रहता है. बावजूद इसके इस सड़क की हालत देखने लायक है. क्षेत्र की यह जर्जर सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं.**

क्षेत्र के कई प्रमुख मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है. इन खस्ताहाल मार्ग पर हो रहे गड्ढे नागरिकों एवं वाहन चालकों के लिये मुसीबत बन रहे है. इन जर्जर मार्गो पर कई बार नागरिक एवं वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं. वही बारिश के मौसम में इन खस्ताहाल मार्ग के गड्ढों में भरा पानी लोगों की परेशानी का सबब बन जाता है. इन खस्ताहाल मार्ग के आसपास रहने वाले लोगों एवं दुकानदारों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. लेकिन इन बदहाल मार्ग की स्थिति में सुधार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. सिरोंज के बासौदा रोड नहर की पुलिया से पेट्रोल पंप तक के मार्ग की हालात देखने लायक है. इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में विदिशा एवं बासौदा के साथ ही कई ग्रामों के लिए वाहनों का आना जाना लगा रहता है. इस प्रमुख मार्ग पर हो रहे गहरे गड्ढों से लोगों को इस मार्ग पर गुजरने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस मार्ग की जर्जर हालात से आसपास के दुकानदारों एवं नागरिकों को काफी परेशानी होती है. कई बार वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं. वही बारिश के मौसम में मार्ग के गड्ढों में पानी भरा जाता है. तो कई बार बारिश में मार्ग के गड्ढों का पानी वाहन से उछलकर लोगों पर आ जाता है. लोग कई बार इस मार्ग में सुधार की मांग कर चुके हैं. लोगों द्वारा कई बार ज्ञापन भी दिये जा चुके हैं. लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है. बासौदा एवं विदिशा की ओर से इस मार्ग से लोग शहर में आते हैं. लेकिन शहर में प्रवेश लेते ही इस मार्ग का एक हिस्से की सड़क काफी जर्जर हो गई है. इस मार्ग पर कई दुकानों के साथ ही रहवासियों के मकान भी है. इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों का आवागमन लगा रहता है, इस मार्ग की जर्जर हालत के चलते नागरिकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बावजूद इसके अभी तक इस मार्ग की हालत में सुधार नहीं हो सका है. जिससे नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है.

### जनपद तिराहा से पुराना बस स्टैंड तक की सड़क पर नहीं हुआ डामरीकरण

शहर में स्थानीय पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से जनपद कार्यालय के सामने तक सड़क पर डामरीकरण का कार्य नहीं हो सका है. नगरपालिका द्वारा शहर में स्थानीय पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से बड़ तिराहा तक मुख्य बाजार में सड़क पर डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है. इस सड़क के काफी हिस्से में तो डामरीकरण का कार्य हो चुका है. लेकिन बीते कई महीनों से पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से जनपद कार्यालय के सामने तक सड़क पर डामरीकरण का कार्य नहीं हो सका है. जिससे इस सड़क के मार्ग में कई जगह गड्डे हो गये हैं. जो राहगीरों एवं रहवासियों की परेशानी का सबब बने हुए है. यह सड़क शहर की प्रमुख सड़क है. तथा इस सड़क पर से प्रतिदिन बड़ी तादाद में लोगों का आना-जाना लगा रहता है. लेकिन उनको सड़क की जर्जर स्थिति के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### इनका कहना है कि -

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि बासौदा रोड नहर की पुलिया से पेट्रोल पंप तक के मार्ग की सड़क एमपीआरडीसी की है. वही स्थानीय पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से जनपद कार्यालय के सामने तक की सड़क पर पाईप लाईन डालने का कार्य होना है. जिसके कारण इस सड़क पर फिलहाल डामरीकरण नहीं कराया गया है. इस सड़क पर पाईप लाईन डालने के बाद डामरीकरण का कार्य कराया जावेगा.

## आवारा घूम रहे सुअरों से व्यापारी और नागरिक परेशान



नवभारत न्यूज

**पठारी 20 नवम्बर,नगर में इन दिनों आवारा सूअरो का आतंक है जिससे व्यापारी एवं नागरिक खासे परेशान हैं मुख्य बाजार बस स्टैंड एवं नगर की गली मोहल्लों में इन दिनों आवारा घूम रहे सूअरों के आतंक से नागरिक अच्छे खासे परेशान हैं.**

पलक झपकते ही सूअर दुकानदारों की दुकान में रखी सामग्री उठा ले जाते हैं एवं बाजार में खरीदारी करने आए ग्राहकों की गाड़ियों पर रखे सामान को भी नहीं छोड़ते वह अपने मुंह से खींच ले जाते हैं.मोटरसाइकिल पर टंगे थैले बैग आदि सामग्री ले जाते नजर आते हैं और मुख्य बाजार बस स्टैंड एवं नगर की गली मोहल्लों में इन दिनों पालतू सूअरों का आतंक बहुत ज्यादा हो गया है पलक झपकते ही सूअर घरों में रखे सामान को भी नहीं छोड़ते वही स्कूल जाते समय छोटे बच्चों को भी नहीं छोड़ते सार्वजनिक स्थानों पर दर्जनों की संख्या में विचरण करते आवारा सुअर जगह-जगह गंदगी फैलाते देखे जा सकते हैं जिसके कारण बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बना हुआ है.

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समयावधि में परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिल मे मौसम के तापमान में हुई कमी के कारण आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन समयावधि में आंशिक परिवर्तन करने का आदेश जारी कर दिया है. कलेक्टर श्री गुप्ता ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये 16 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए आंगनवाडी केन्द्र की सेवाओं का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आशिक परिवर्तन किया है. कलेक्टर के आदेश का हवाला देते हुए विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा ने बताया कि आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका आंगनवाडी केन्द्रों में प्रात 09 बजे से उपस्थित होकर सांय 04 बजे तक विभागीय गतिविधियों का कियान्वयन सुनिश्चित करेगी. आंगनबाड़ी केन्द्र में गतिविधियों का संचालन पूर्व की समय सारणी की गतिविधियों अनुसार किया जावेगा.

## अनाज सटोरिया तय करते मक्का के भाव

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,कृषि उपज मंडी में मक्का के भाव कम होने के कारण एक किसान ने लगभग दो कुंटल मक्का को बेतवा नदी में फेंक दी.अगर यही सब करना था तो कृषि उपज मंडी प्रांगण के बाहर यही मका गरीबों को बांटी जा सकती थी और मुख्य गेट के बाहर मंडी के सामने जाम लगाकर अपनी बात कहना थी. परंतु मंडी से वापस किसान अपने घर जा रहा था.**

अचानक क्या सूझा की बेतवा नदी के पुल पर नदी में मक्का फेंक दी. इससे आवागमन रुक गया. क्योंकि बीच पुल पर ट्राली खड़ी कर दी थी. लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी हुई.यही करना था तो कृषि मंडी में ही हंगामा करते रही बात भाव की तो ऊपर से सटोरिया भाव तय करते हैं.उठाव न होने के कारण यह स्थिति बनती बिगड़ती रहती है.स्थानीय व्यापारी अपने मन से भाव तय नहीं करते.केवल क्वालिटी देखकर भाव कम बढ़ करते हैं.सब कुछ ऊपर से चल रहा है.गुस्साए किसान का कहना जो भाव मिल रहे हैं.उससे लागत ही निकल रही है.लाभ नहीं मिल रहा है. गंजबासौदा में इस तरह की यह पहली घटना है.

## तीन प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक काशवानी के द्वारा जारी इनाम घोषणा आदेश में महिला थाना विदिशा के दर्ज अपराध का फरार आरोपी कुबेर सिंह पुत्र शम्भू सिंह लोधी निवासी ग्राम धामनोद थाना हैदरगढ, तथा थाना सिरोंज के दर्ज अपराध के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागडी, कल्ला पुत्र फूल सिंह बागडी निवासीगण ग्राम मदागन थाना सिरोंज तथा शमशाबाद थाना में दर्ज अपराध के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले को दो-दो हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है.

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी हिमांशी



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 8 वीं नेशनल कैडेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के जालंधर में किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में देशभर की टीमें हिस्सा ले रही हैं. मध्यप्रदेश टीम में शामिल गंजबासोदा की खिलाड़ी हिमांशी प्रजापति वजन वर्गङ्क अंडर 51 किग्रा में पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही हैं. पिछले माह ग्वालियर में हुई राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की थी. वही गत दिवस हिमांशी ट्रेन से जालंधर के लिए रवाना हुई. हिमांशी आदर्श ताइक्कांडो क्लब की खिलाड़ी हैं. क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह ने बताया कि हिमांशी ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है. लोगों ने उनको शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

## सुपर सीडर कृषि यंत्र उपलब्ध कराये, आसानी से बुवाई कर सकेंगे किसान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**जिले में नरवाई प्रबंधन हेतू कृषकों को रियायती दरों पर रबी फसल की बुबाई हेतू प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेला, खामखेडा, करैया, थान्नैर, धतूरिया, पैरवारा, रावन बिछिया, पिपलधार, सौंथर, अहमदपुर व ठर्र में सुपर सीडर कृषि यंत्र उपलब्ध कराये गये हैं. कृषक समितियों से उक्त सुपर सीडर किराये पर लेकर आसानी से बुबाई कर सकेंगे. जिससे खेतों में खडी नरवाई को जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. यह पर्यावरण को बचाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा.

## 12 वाहनों से 6 हजार शमन शुल्क वसूला

### यातायात पुलिस ने की वाहनों की जांच



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज यातायात पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत गुरुवार को वाहनों की जांच की गई. इस दौरान 12 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बाइक पर तीन सवारी बैठाने, वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात न होने तथा ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी अनियमितताएँ सामने आई. इन सभी प्रकरणों में यातायात पुलिस ने लगभग 6 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला. यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें. इसके साथ ही वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखे. यातायात पुलिस द्वारा नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

## किसानों से किया संवाद, अधिकारियों को दिये निर्देश

### कृषि उपज मंडी का विधायक ने किया औचक निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**लटेरी, कृषि उपज मंडी में विधायक उमाकांत शर्मा ने ओचिक निरीक्षण कर कृषक बंधुओं से संवाद किया.कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं पर विधायक उमाकांत शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया.**

एसडीएम नितिन जैन को कृषि उपज मंडी में आ रही समस्याएं को यथायोग्य निराकरण करने का निर्देश दिया. वहीं विधायक ने किसानों ने संवाद करते हुए किसानों ने बताया कि लटेरी कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए मध्य प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसान हित में कई प्रकार की योजनाएं चलाई हैं.लेकिन लटेरी मंडी प्रशासन योजनाओं के बारे में किसानों को नहीं बताता वहीं किसानों के लिए मंडी प्रशासन की और से किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कर पाता.जिससे मंडी प्रशासन की बहुत सी कमी है इसके लिए किसानों ने विधायक उमाकांत शर्मा से कृषि उपज मंडी लटेरी में किसानों के लिए शासन द्वारा चलाए जा रही योजनाएं किसानों को मिले जिससे कि किसान लटेरी मंडी में 30 किलोमीटर दूर से आता है.उसके लिए सुलभ कंपलेक्स विश्राम गृह स्वच्छ पानी की पीने की व्यवस्था है.मंडी में सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाएं समय समय पर तोल कांटे का की जांच की जाना चाहिए जिससे कि किसानों की उपज सहित तोल हो सके. विधायक उमाकांत शर्मा ने किसानों को आश्वासन दिया कि हम कृषि उपज मंडी लटेरी को विषय में मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड प्रशासन कृषि मंत्री मध्य प्रदेश केंद्र कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से किसानों के लिए कृषि उपज मंडी लटेरी में सुविधाजनक व्यवस्था कराएंगे.

## देवेन्द्र का अग्निवीर में हुआ चयन



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सेंटमैरी कॉलेज के बीबीए संकाय के सेकंड ईयर के छात्र देवेंद्र सिंह राजपूत का अग्निवीर आर्मी जीडी में चयन हो गया.उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के टीचरों और उनके बताए हुए मार्गदर्शन को बताया. संस्था संचालक फादर शिंटो ने उन्हें बधाई दी. विभागअध्यक्ष डॉ गिरीश सुर्जन ने देवेंद्र की सफलता को उनकी खुद की मेहनत और लगन बताया और उन्हें बधाई दी. उनकी सफलता पर डॉ रामानंद मिश्रा, प्रोफेसर प्रशांत सेन एवं प्रोफेसर विशाखा अग्रवाल ने बधाई दी.

## मुख्यमंत्री-केन्द्रीय मंत्री 23 को खोलेंगे घोषणाओं का पिटारा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, बासौदा में 23 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान का आगमन हो रहा है. कलेक्टर तथा एसपी ने कृषि उपज मंडी का जायजा लिया जहां हेलीकॉप्टर उतरेगा.इसके साथ आम सभा संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में होगी. जहां घोषणाओं का पिटारा खुलेगा.**

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नवीन कृषि उपज मंडी बरेठ रोड से रथ में सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए सभा स्थल संजय गांधी महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचेंगे. इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.साफ सफाई के लिए सफाई कामगार लगे हुए हैं.सजावट वंदनवार होर्डिंग पोस्टर आदि लगाए जा रहे हैं.भाजपा के नेता अपने-अपने हिसाब से ज्ञापन तैयार कर रहे हैं जिसमें बासौदा के विकास संबंधी मांग रखी जाएगी. नगर के विभिन्न संगठन भी मुख्यमंत्री तथा क्षेत्र के सांसद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देंगे.धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं द्वारा गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर रखने हेतु ज्ञापन दिया जाएगा. यहां के संत महात्मा वर्षों से गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर रखने की मांग करते आ रहे हैं.क्योंकि यहां अनेक धार्मिक सिद्ध स्थल है और लगातार धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं.

नौलक्खी के संत, वेदांती महाराज के साथ अन्य साधु संत भी चाहते हैं कि इस बस्ती का नाम वासुदेव नगर रखा जावे कहा जाता है की ग्राम गंज से व्यापार का काम चलता था एक जमाने में गंजी हाट बाजार यहीं से बड़े ग्रामीण करते थे इसके बाद बासौदा की बसाहट हुई और गंज से यह नगर गंजबासौदा हो गया नगर के कारोबारी विभिन्न संगठन द्वारा समय-समय पर नाम बदलने की मांग चलती रही. सभी को आशा और विश्वास है मुख्यमंत्री गंजबासौदा का नाम बदलने की घोषणा करेंगे क्योंकि इसमें कुछ शासन को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी केवल कागजों में नाम बदलना है.इसके लिए व्यापार महासंघ भी ज्ञापन देगा मुख्यमंत्री गंजबासोदा के लिए कोई बड़ी सौगात भी दे सकते हैं.ऐसा माना जा रहा है गंजबासौदा को जिला बनाने धरना प्रदर्शन हो चुका है. गीता भवन बनना हे नागरिकों की मांग है की पुरानी कृषि उपज मंडी के दूसरे भाग में गीता भवन बनना चाहिए ताकि लोगों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी न हो इसके साथ रिंग रोड का काम भी रुका पड़ा है उसका निर्माण कार्य तेज गति से शुरू हो ताकि आवागमन में जो परेशानी आ रही है वह दूर हो सके इसके साथ ही थोक सब्जी मंडी फल के कारोबारियों को ग्राम बनवा में जगह मुहैया कराई जावे ताकि इस समस्या से लोगों को मुक्ति मिल सके अभी पूरे बाजार में सब्जी मंडी लगती है रोड किनारे, शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी है तथा स्वास्थ्य कर्मी भी बहुत कम है स्टाफ बढाए जाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की जाएगी. इसके साथ ही अन्य समस्याओं को लेकर नागरिक ज्ञापन देंगे गंजबासौदा की आबादी 1 लाख से अधिक हो चुकी है.पुलिस बल की बहुत कमी है वृद्धि होना बहुत जरूरी है.क्योंकि यहां लगातार अपराध बढ़ रहे हैं. पुलिस बल की कमी के कारण अपराधों में रोक नहीं लग पा रही है.

**सीताराम विवाह महोत्सव** | तिलकोत्सव में झलकी जनकपुर की परंपरा—भेंट में स्वर्ण, वस्त्र, मंगल सामग्री अर्पित

## जनकपुर की ममता, अयोध्या की मर्यादा और सनातन संस्कृति का दिव्य मिलन




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, जिस नगर में राम सिया का विवाह हो वहाँ हर कण आनंदमय और हर सांस मंगलमय हो जाती है.नगर में 25 नवंबर को निकलने जा रही भव्य और दिव्य बारात में अभी 5 दिन शेष हैं लेकिन सियाराम विवाहोत्सव से पहले ही विवाह पूर्व की रस्मों ने नगर में भक्ति, आनंद,उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया है.रामलला और माता जानकी के विवाह प्रसंग को जीवंत कर रहे इस महोत्सव में लगुन से शुरू हुई, श्री सीताराम विवाह की दूसरी रस्म गुरुवार को राम जी के तिलक उत्सव और माता सीता की गोद भराई, अयोध्या और मिथिला की संस्कृति, परंपराओं को जीविंत करते हुए संपन्न हुई1 23 नवंबर को सुबह माता पूजन एवं मंडप-स्थापन के वैदिक संस्कार होंगे. विवाहोत्सव उपलक्ष्य में 23 नवंबर को ही शाम 7 बजे गांधी चौक में सारेगामा फेम शरद शर्मा सहिय नगर के अन्य भजन गायकों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी.**

मालूम हो कि श्री रामरस धारा परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे श्री सीताराम विवाह महोत्सव की विभिन्न रस्मों को इस तरह उत्सव में शामिल किया गया है जिस तरह अयोध्या और मिथिला में उन परंपराओं को निभाया गया था.गुरुवार को श्रीराम के तिलकोत्सव और माता जानकी की गोद भराई की रस्म ने नगर को भक्तिङ्कप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया.भेंट में दी जा रही सामग्री की शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से श्रद्धा भाव के साथ इन सभी भेंटों को सुसज्जित अलंकरण धारण किए दिव्य परिक्रमण रथों में बड़े सौंदर्य के साथ लाया गया.सजाए गए सुसज्जित रथों को गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ द्वारा सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक लाया गया. नगर के मुख्य मार्गो से निकली शोभायात्रा का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया.

### द्वार स्वागत में दिखा जनकपुर का सौहार्द और अयोध्या का सम्मान

जब शोभायात्रा आयोजन स्थल पर पहुँची, तब जनक-सुनयना जी की भूमिका निभा रहे सुशीलङ्कदीपा गुप्ता ने जनकपुर की परंपरा के अनुरूप द्वार पर खड़े होकर अयोध्या से आए अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.वहीं माता जानकी की गोद भराई की रस्म में मिथिला की पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली. जनक पक्ष की महिलाएं मंगल गीत गाते हुए नृत्य कर रही थीं. गोद भराई और तिलकोत्सव पूजन पंडित आशीष गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया. महिलाओं के वैवाहिक मंगल गीतों के बीच माता सीता की गोद भराई सम्पन्न हुई.परंपरा के अनुरूप सुहागन महिलाओं ने थाल सजाए, मेंहदी, हल्दी, चूड़ियाँ, चुनरी और वैदिक मंगल सामग्री अर्पित की. सबसे पहले माता सीता की गोद भराई की रस्म हुई जिसमें दशरथ कौशल्या जी की भूमिका में हरि प्रीति नेमा ने माता सीता को लाल चुनरी उड़ाई और गोदी में दो तोले सोने से बने हार, मंगलसूत्र, चूड़ा, चेन, चांदी के पांच सिक्के, पायल, 31 जोड़ी सुंदर वस्त्र सहित श्रृंगार सामग्री माता सीता की गोद भरते हुए भेंट में दी.सीता जी की गोद भराई के बाद रामजी के तिलकोत्सव में जनकपुर की पावन परंपरा का अनुपम दृश्य देखने को मिला. जनक जी की ओर से भगवान श्रीराम को 51 हजार रुपये, दो तोला स्वर्ण की मणिमय चेन, 31 जोड़ी विशेष वस्त्र, मंगल फल, सुगंधित मेवा, मिष्ठान्न और वैदिक पूजन सामग्री अर्पित की गई.विवाहोत्सव के सूत्रधार और रामरस धारा परिवार के संस्थापक अंकुर माधव महाराज ने इस अवसर पर कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम और माता जानकी का यह विवाह हमें यह सिखाता है कि धर्म, प्रेम और समर्पण से ही जीवन धन्य होता है. आज के तिलकोत्सव, माता गोद भराई और भव्य शोभायात्रा में हमारी संस्कृति और परंपरा का अद्भुत दर्शन हो रहा है. राम-सिया के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ और अपने परिवार, समाज और नगर को भक्ति और धर्म के मार्ग पर अग्रसर करें.